## जिला अदालत का सिविल लाइन थाने को आदेश, शुभम अवस्थी को परिवाद में बताया गया है झोलाछाप डॉक्टर

# फर्जी डिग्री से चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति के मामले में दर्ज करो एफआईआर

जबलपुर।

जिला न्यायालय ने फर्जी डिग्री से चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति के मामले में शुभम अवस्थी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। जेएमएफसी पलक श्रीवास्तव की कोर्ट ने एक आपराधिक परिवाद पर यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह प्रकरण गम्भीर प्रकृति का प्रकरण है, परिवाद में उल्लेखित धारा संज्ञेय हैं। परिवाद में उल्लेखित अपराध की घटना की उचित जांच एवं विवेचना पुलिस के द्वारा की जाना अपरिहार्य है।कोर्ट ने सिविल लाइन थाना प्रभारी को आरोपी शुभम अवस्थी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर 5 अप्रैल तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।



### यह है मामला-

शिवसेना के प्रांतीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बारी ने यह परिवाद भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420, 467, 471, 120बी, 34, मप्र आयुर्विज्ञान परिशद अधिनियम की धारा 24(2) तथा मप्र चिकित्सा शिक्षा अधिनियम की धारा 8(1) व 8(2) के तहत प्रस्तुत किया। उनकी ओर से अधिवक्ता परितोष गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि जाली और मनगढ़ंत डिग्री के आधार पर शुभम अवस्थी ने जबलपुर जिला अस्पताल में डाक्टर का पद हासिल कर लिया था। इस मामले में सिविल लाइन थाने में शिकायत की गई थी। परन्तु पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर जांच नहीं की जा रही है। तर्क दिया गया कि विक्टोरिया अस्पताल में चिकित्सक की नियुक्ति पाने के लिए झोलाछाप डॉक्टर शुभम अवस्थी ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से आयुर्वेद स्नातक की कूटरचित डिग्री बनाकर पेश की थी। अवस्थी ने यह झूठ भी छलपूर्वक अंकित किया था कि उसने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर से पढ़कर यह डिग्री प्राप्त की थी। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवस्थी द्वारा मध्यप्रदेश आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड भोपाल में ऑफलाइन पंजीयन मूड से पंजीयन क्रमांक 56970 प्राप्त किया गया। जबकि इस नंबर पर वास्तव में डॉक्टर इरम जहां मंसूरी का नाम रजिस्टर में दर्ज है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसने करीब 1 साल तक मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया। शिकायत दर्ज किए डेढ़ साल से अधिक होने पर भी जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गई है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि परिवादी शैलेन्द्र बारी सिविल लाइन पुलिस थाने को मय दस्तावेज परिवाद की प्रति उपलब्ध कराए। संबधित थाना प्रभारी द्वारा अनवोदक क्रमांक 1 शुभम अवस्थी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की जाए। .

### हाईकोर्ट के आदेश पर जिला न्यायालय ने की सुनवाई

परिवाद पर लंबे अरसे से सुनवाई न किये जाने का आरोप लगाते हुए शैलेन्द्र बारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने कोर्ट को बताया था कि जबलपुर जिला न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) के समक्ष सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत याचिकाकर्ता द्वारा दायर आवेदन पिछले एक साल से अधिक समय से लंबित है। पुलिस अधिकारियों द्वारा जांच कर अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की जा रही है। इस पर हाईकोर्ट ने संबंधित जेएमएफसी को आदेश दिया था कि वह परिवाद पर 60 दिनों की अवधि के भीतर कानून के अनुसार निर्णय लें। इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में जिला अदालत ने मामले की सुनवाई की।

# संस्कारों के बीज हर जगह रोपित करने का हो रहा कार्य

## गायत्री परिवार का विराट पुस्तक मेला सिखा रहा जीवन जीने की कला



**जबलपुर।** शहीद स्मारक गोलबाजार में चल रहे विराट पुस्तक मेला के तीसरे दिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही, जिसमें 100 से अधिक अनुश्री होम्योपैथिक कॉलेज के विद्यार्थियों एवं उनके प्राध्यापकों ने पुस्तक मेले का अवलोकन किया और बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में हर जगह होते रहना चाहिए, जिससे कि संस्कारों का बीज हर जगह रोपित हो सके और लोग अपना व्यक्तित्व परिष्कार करने के साथ-साथ, जीवन जीने की कला और अध्यात्म के वैज्ञानिक पक्ष को भी समझ कर आगे बढ़ सकें। पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा लिखित किताबों में मनुष्य शरीर की रचना और उसके सूक्ष्म तंत्र के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया गया है, हम सब भी यहां आकर बहुत ही अभिभूत हैं।महामंडलेश्वर नरसिंह दास ने जन मानस को संबोधित करते हुए बताया कि बड़े भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा। इस मनुष्य शरीर को यूं ही नष्ट नहीं करना चाहिए, इसे प्रभु के कार्य में लगाएं, जिस प्रकार आचार्य श्री ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के लिए दिया, उन्होंने हर किसी के जीवन को सरल बनाया, व्यक्तित्व को सरल बनाया एवं व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण एवं समाज निर्माण की बात उन्होंने कही जो अपने आप में एक अनोखी बात है, सिर्फ उन्होंने कहा ही नहीं उसको करके भी दिखाया।संस्कृति को कोई नहीं कर पाया नष्टः-समाज के प्रबुद्ध वर्ग से डॉ. पवन स्थापक, समाजसेवी डॉ. राजेश जायसवाल, राजेश पाठक, डॉ. अरुण शुक्ला, डॉ. हरीशंकर दुबे आदि ने बताया कि हमारे देश में मुगलों ने राज किया, अंग्रेजो ने, फ्रें च ने, ब्रिटिश ने नाना प्रकार के लोगों ने आकर भारतीय संस्कृति को, सनातन धर्म को नष्ट करने का प्रयास किया, हमारी गुरुकुल की पद्धति को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन संस्कृति अपने आप में इतनी मजबूत है कि उसे कोई नष्ट नहीं कर सकता।

### भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाया

आचार्य श्री ने भारतीय संस्कृति को जन-जन तक, गांव-गांव तक फैलाया, जो कि असंभव जैसा लगने वाला कार्य था। मेला संयोजक जगदीश दीक्षित द्वारा चौथे दिन दोपहर 3 बजे से बुधवार के नगर के बुद्धिजीवियों के सानिध्य का लाभ उठाने एवं पूर्वान्ह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में पधार कर अपने जीवन को सफल बनाने का अनुरोध किया है। इस संबंध की जानकारी गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी मनोज सेन ने दी है।

# दसवीं के हिंदी विषय के पेपर में 921 बच्चे रहे अनुपस्थित

## नहीं बना कोई भी नक़ल प्रकरण, आज 12वी का अंग्रेजी विषय का 100 परीक्षा केंद्रों पर दूसरा पेपर

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हिंदी विषय के पेपर के साथ हुई। डीईओ घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नकल प्रकरण नहीं बना हैं। हिंदी प्रश्नपत्र मे शहर के 701 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 921 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन एप के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।



### माशिमं के उपाध्यक्ष ने लिया जायजा

परीक्षा के दौरान माशिमं मप्र भोपाल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव के द्वारा शहरी क्षेत्रो के परीक्षा केंद्र करोंदीग्राम, सीएम राइज मेडिकल एवं शास कन्या रानी दुर्गावती शाला गंगा नगर गढ़ा का निरीक्षण किया गया। इन केंद्रों मे स्वाध्यायायी परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं डीईओ सोनी के नेतृत्व मे गठित दल के द्वारा शास मॉडल स्कूल, शा एमएलबी कन्या शाला, सेंट नार्बेट, सेंट थामस स्कूल का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पाई गई। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया।

### एसडीएम भी अपने क्षेत्रों में रहे सक्रिय

कलेक्टर द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल के दल के द्वारा एमएलबी विद्यालय, महाराष्ट्र हायर सेकण्डरी विद्यालय एवं शा कमला नेहरू विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी के दल के द्वारा एपीएन विद्यालय सदर, कन्या सदर, एवं सेंट थामस द्वारा जवाहर नगर का निरीक्षण किया गया.। एसडीएम जबलपुर के दल द्वारा शा स्कूल मोहास का निरीक्षण किया गया। एसडीएम गोरखपुर के दल के द्वारा सीएम राइज विद्यालय मेडिकल तथा अंधमूक बधिर विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम कुण्डम के द्वारा शा विद्यालय मोहनी एवं शा विद्यालय हरदुली कला का निरीक्षण किया गया। एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह के द्वारा सीएम राइज विद्यालय पाटन, ओंकार नामदेव विद्यालय पाटन एवं शा उमावि नुनसर का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा बीईओ के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।

# रादुविवि में भ्रष्टाचार-लापरवाही के खिलाफ एनएसयूआई का अनोखा प्रदर्शन

## कुलपति का मुखौटा लगाकर रिक्शा से कराया प्रशासनिक भवन का भ्रमण

**जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (**NSUI**) जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक एवं राहुल यादव के नेतृत्व में 27 फरवरी को छात्रों ने जमकर नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया, कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा का मुखौटा पहनाकर उन्हें रिक्शा में घुमाया, ताकि उन्हें एहसास हो कि जब छात्र संसाधनों के बिना भटक रहे हैं, तब उन्हें 25 लाख से अधिक की गाड़ी में घूमने का कोई हक नहीं! जब विश्वविद्यालय ज्ञान और चरित्र निर्माण का केंद्र होना चाहिए, तब रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के भविष्य की नींव को खोखला करने में जुटा है! छात्रों से लाखों की फीस वसूलने वाला यह विश्वविद्यालय आज उनकी सबसे बुनियादी सुविधाएँ भी देने में असफल है। जब छात्रों के लिए लैब नहीं, रिसर्च संसाधन नहीं, पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया नहीं, डिजिटल शिक्षा के साधन नहीं, तो फिर लाखों की तनख्वाह लेने वाले कुलपति और अन्य अधिकारी आखिर क्या कर रहे हैं? शासन के नियमों के अनुसार, कुलपति को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का वाहन उपयोग करने की अनुमति है, लेकिन वे 25 लाख से अधिक की इनोवा क्रिस्टा में सफर कर रहे हैं। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के पत्र क्रमांक एफ/11 16/2012/ नियम/चार दिनांक 28/12/2017 में उल्लेखित है कि 8900 से अधिक ग्रेड पे में आने वाले समस्त अधिकारियों के लिए वाहन पात्रता के रूप में वे वाहन शामिल होंगे जिनकी अधिकतम कीमत रुपए दस लाख (एक्स शोरुम) तक हो। विश्वविद्यालय द्वारा विशिष्ट अतिथियों, जैसे महामहिम राज्यपाल और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए, सर्वसुविधायुक्त वीआईपी सूट्स का निर्माण किया गया था। इनका उद्देश्य केवल विशिष्ट अतिथियों के अस्थायी प्रवास के लिए था, न कि किसी प्रशासनिक अधिकारी के निजी आवास के रूप में उपयोग के लिए। लेकिन वर्तमान कुलगुरु, प्रो. राजेश कुमार वर्मा, पिछले एक वर्ष से इन वीआईपी सूट्स में स्वयं निवास कर रहे हैं, जो न केवल अनैतिक है, बल्कि विश्वविद्यालय संसाधनों के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण भी है। विश्वविद्यालय प्रशासन को उनसे एक वर्ष का गेस्ट हाउस किराया वसूलकर उसकी समुचित भरपाई करनी चाहिए, ताकि संस्थान के आर्थिक संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में राज्यपाल की समन्वय समिति के आदेश के बावजूद पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया तीन वर्षों से ठप पड़ी है, जिससे सैकड़ों शोधार्थियों का भविष्य अंधकार में डूबा हुआ है। **BCA**, **MCA** और **B.Tech** के छात्रों के पास प्रयोगशालाओं की कमी के कारण वे बिना किसी व्यावहारिक ज्ञान के डिग्री लेने को मजबूर हैं। विश्वविद्यालय के कृषि विभाग को अब तक **ICAR** से मान्यता नहीं मिली, फिर भी छात्रों का दाखिला जारी है, क्या यह उनके करियर के साथ खुला धोखा नहीं? **NAAC** की पीयर टीम ने भी बार-बार लैब और डिजिटल संसाधनों की कमी पर सवाल उठाए, लेकिन प्रशासन कानों में रुई डालकर बैठा है।



### उपभोक्ता फोरम से कंपनी के विरुद्ध परिवाद निरस्त

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना व सदस्य सुषमा पटेल व मनोज कुमार मिश्रा की न्यायपीठ ने ब्लू स्टार कंपनी के विरुद्ध परिवाद उचित न पाते हुए निरस्त कर दिया। परिवादी जबलपुर निवासी देवव्रत साहा का आरोप था कि 2017 में कंपनी का एसी क्रय किया गया था, तो बेहतर गुणवत्ता का नहीं था। इसी वजह से ठंडी हवा नहीं देता था। लिहाजा, एसी बदलकर देने या संपूर्ण राशि वापस करने की मांग की गई। लेकिन मांग पूरी नहीं की गई। इसीलिए उपभोक्ता आयोग आना पड़ा। कंपनी की ओर से अधिवक्ता सतीश वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि एसी बेचने के बाद एक वर्ष की वारंटी अवधि तक उपभोक्ता ने कभी कोई शिकायत नहीं की। उसे समय पर सर्विस दी गई। वारंटी के बाद किसी प्रकार का कोई सेवा शुल्क नहीं लिया गया। इसलिए शिकायत अनुचित होने के कारण आमन्य है। इस तरह के प्रकरण में सेवा में कमी का आरोप लगाना गलत है। उपभोक्ता आयोग ने तर्क से सहमत होकर परिवाद निरस्त कर दिया।

## शक्ति इंजीनियरिंग कंपनी के संचालक मनीष सिन्हा पर दर्ज हुई धोखाधड़ी की एफआईआर

# अधूरा काम छोड़कर ठेकेदार ने लगाया डॉक्टर को लाखों का चूना

हरिभूमि, जबलपुर।

कोल्ड स्टोरेज में विद्युत उपकरण लगाने वाले एक ठेकेदार ने एक डॉक्टर को लाखों रुपये की चपत लगा दिया। ठेकेदार ने 52 लाख 71 हजार रुपये कोल्ड स्टोरज की विद्युत व्यवस्था करने का समझौता किया। उसके बाद अधूरा काम छोड़कर भाग गया। शेष रुपये वापस मांगने पर ठेकेदार ने बैंक चेक थमा दिया। बैंक में लगाने पर चेक बाउंस हुए तो डॉक्टर को अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला। जिसके बाद लार्डगंज थाना में आरोपी शक्ति इंजीनियरिंग कंपनी के प्रोपराइटर मनीष सिन्हा के विरुद्ध धोखाधड़ी की एफआईआर पंजीबद्ध की गई है।



### 52 लाख 71 हजार में हुआ अनुबंध

उखरी मार्ग निवासी डॉ. सुबोध दरबारी का बघोड़ा मार्ग में कोल्ड स्टोरेज है। उसके निर्माण के समय ट्रांसफार्मर, जनरेटर एवं अन्य विद्युत उपकरणों को कोल्ड स्टोरज में लगने का कांट्रेक्ट, डाक्टर ने शक्ति इंजीनियरिंग कंपनी के प्रोपराइटर मनीष सिन्हा से किया। संपूर्ण विद्युतीकरण कार्य के लिए 52 लाख 71 हजार रुपये में ठेका तय हुआ। कंपनी ने कोल्ड स्टोरेज का कार्य आरंभ किया, लेकिन बीच में अचानक बंद कर दिया। पूछने पर आगे कार्य पूर्ण करने में असमर्थता व्यक्त कर दिया। तब डॉक्टर ने एक अन्य कंपनी से शेष विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराया। नई कंपनी को 25 लाख 91 हजार रुपये का अलग से भुगतान किया।

### दबाव बनाया तो थमा दिया फर्जी बिल

अधूरा काम छोड़ने पर डॉक्टर ने शक्ति इंजीनियरिंग कंपनी के प्रोपराइटर ठेकेदार मनीष सिन्हा से आधी राशि वापस मांगी। आरोपी ठेकेदार मनीष ने पहले आनाकानी किया। उसके बाद डॉक्टर को 33 लाख 16 हजार 982 रुपये के विद्युत कार्य कोल्ड स्टोरेज में किए जाने के फर्जी बिल थमा दिए। आशंका होने पर डॉक्टर ने ध्यान से देखा तो बिल में जीएसटी नंबर नहीं थे। कम्प्यूटर से इनवॉइस जनरेट कर फर्जीवाड़ा करके अधिक बिल वसूलने का प्रयास किया जा रहा था।

### पांच-पांच लाख के तीनों चेक बाउंस

यह गड़बड़ी पकड़ने पर जब डॉक्टर ने ठेकेदार को चेताया तो उसने कुल 15 लाख रुपये की राशि का चेक दिया। आरोपी ठेकेदार मनीष ने कुल तीन बैंक चेक दिए थे, जिसमें पांच-पांच लाख रुपये की राशि अंकित थी। लेकिन जब उक्त चेकों को बैंक में लगाया तो वह भी बाउंस हो गए। डॉक्टर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ठेकेदार मनीष पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप

### इंटक की बैठक कल

**जबलपुर।** अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन इंटक की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 01 मार्च को जबलपुर स्थित रानीताल यूथ हॉस्टल के सभागृह में शाम 4 बजे आयोजित है। कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि मप्र इंटक के अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव एवं गुजरात प्रदेश इंटक अध्यक्ष निशाध देसाई होंगे। विशेष अतिथि मप्र इंटक के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह नाती ग्वालियर व महामंत्री बीडी गौतम भोपाल होंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष शंकरदयाल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर इंडियन नेशनल ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रमिक नेता कृपाशंकर वर्मा का 89वां जन्मदिन 01 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे बस मजदूर कार्यालय एल-1 हाथीताल कालोनी में मनाया जाएगा।

### पनागर में विशाल राज्य स्तरीय ईनामी दंगल 2 मार्च को

**जबलपुर।** पनागर सरस्वती विद्यालय के पास प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राज्य स्तरीय विशाल ईनामी दंगल का आयोजन 02 मार्च को दोपहर दो बजे से किया जा रहा है। दंगल के संयोजक मनोज पहलवान पूर्व पार्षद ने बताया कि जनकल्याण खेल समिति एवं बुद्धेगोंड अखाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे व सुशील तिवारी विधायक पनागर क्षेत्र होंगे।

### स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर का स्मरण आज

**जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर द्वारा मनाये जाने वाले शताब्दी समारोह कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत 28 फरवरी को महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के स्मरण निमित्त ओजस्वी वक्ता दयाशंकर तिवारी पूर्व महापौर नगर निगम नागपुर का व्याख्यान सेठ गोविंददास रंगमंच शहीद स्मारक जबलपुर में शाम 6.30 बजे से आयोजित है। मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंत तनखीवाले, सचिव पीडी पाठक ने साहित्य प्रेमियों तथा सावरकर प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## पनागर विधानसभा में 140 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# सड़कें सिर्फ आवागमन का साधन ही नहीं बल्कि समृद्धि का प्रतीक हैं : मंत्री




**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पनागर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 140 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। पनागर में उन्होंने 80.32 करोड़ की लागत से पनागर पुराना एनएच 7 मार्ग का फोरलेन चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण तथा 8.31 करोड़ की लागत से परियट नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण एवं गांधीग्राम एनएच 7 के छूटे हुए भाग का चौड़ीकरण का भूमिपूजन किया।

पनागर विधानसभा क्षेत्र में आज विकास की सौगात देते हुए उन्होंने ग्राम खैरी में 44.46 करोड़ की लागत से इंद्रा पिपरिया, खैरी, घुघरी खरहरघाट मार्ग तथा गौर नदी पर पुल का निर्माण एवं 4.45 करोड़ की लागत से पड़वार-पड़रिया मार्ग निर्माण का भूमिपूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोंटिया,जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, रानू तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना जैन, कांति सैनी, हर्ष तिवारी,नगर मंडल अध्यक्ष सर्व शैलेंद्र साहू,विजय सिंह ठाकुर,प्रदीप पटेल, लखनदेवानी, संतोष साहू, राजमणि सिंह बघेल सहित बड़ी तादात में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### ग्राम पड़वार में दी विकास कार्यों की सौगात

मंत्री सिंह ने ग्राम पड़वार में विकास कार्यों की सौगात देते हुए बरेला से पड़वार और पड़वार से सलैया मार्ग का भूमिपूजन भी किया। पड़वार से सलैया मार्ग में एक पुल भी है जो सड़क निर्माण के साथ-साथ पूरा होगा। जिससे आम जन को सहूलियत होगी।

### खैरी में जन-सभा को किया संबोधित

विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री सिंह ने पनागर विधानसभा के ग्राम खैरी पहुंचकर विकास कार्यों का भूमिपूजन कर सौगात दी। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार के विकासवादी सोच के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब विकास संबंधी सभी कार्य तेजी से हो रहे हैं, जबकि पहले छोटी-छोटी सड़कों के लिए लोग परेशान हुआ करते थे। क्षेत्र में रिंग रोड बनने से बहुत परिवर्तन आया है। साढ़े चार हजार करोड़ के रिंग रोड से क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। साथ ही सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं घर-घर में समृद्धि लेकर पहुंच रही है। प्रधानमंत्री आवास व आयुष्मान योजना आम जन के कल्याण के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने सड़कों के विस्तार के लिए भूमिपूजन करते हुए कहा कि सड़कें क्षेत्र में निश्चित ही समृद्धि लेकर आयेंगी और विकास की धारा हर आदमी के दरवाजे पर पहुंचेगी। आने वाले समय में भी विकास के कार्य होते रहेंगे। इस दौरान विधायक सुशील तिवारी इंदु ने भी आम जन को संबोधित करते हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। सभा के दौरान सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, रानू तिवारी, सुअल्का गर्ग, राजेश दाहिया, राजमणि सिंह बघेल सहित बड़ी तादात में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# शिव-पार्वती विवाह में भक्तों ने भगवान के पैर पूजे

## शिव महापुराण कथा में हुआ शिव-पार्वती विवाह का सजीव आयोजन

**जबलपुर।** श्री गिरिजाशंकर रामलीला मैदान घमापुर प्रांगण में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है जिसके तृतीय दिवस के अवसर पर वृंदावन से पधारे प्रमुख व्यास आचार्य पं. सिद्धार्थ पाण्डेय महराज ने पार्वती जी के प्राकट्य एवं तपस्या तथा शिव-पार्वती विवाह की कथा का व्याखान किया। इस अवसर पर शिव-पार्वती विवाह का सजीव आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी. सोनकर, एड. बलराज सोनकर, आचार्य पं. राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ. शिव मणी मिश्रा, एड. श्याम चंद्र तिवारी सहित रामलीला समिति के पं. कमलेश तिवारी, विष्णु दीक्षित, पं. अक्षय पाण्डेय, राजेन्द्र सोनकर, पुरुषोत्तम सोनकर, राजेश सेन, जगदीश यादव, पं. अरिवंद पाठक, अरुण सोनकर एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भगवान शिव के विवाह में भगवान के पैर पूजकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसी श्रृंखला में विगत 76 वर्षों से श्री गिरिजा शंकर मंदिर बाई का बगीचा घमापुर में महा शिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का चारों पहर का अभिषेक एवं अखण्ड राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया है जिसका समापन 27/2/25 को दोपहर 2.30 बजे हवन के पश्चात समापन होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे प्रारंभ होकर सायं सात बजे तक होगी। क्षेत्रीय नागरिकों, धर्म प्रेमी बंधुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।



# सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

**जबलपुर।** पटवारी भवन पटेल मोहल्ला पाटन रोड स्थित करमेता में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 21 से 28 फरवरी तक किया गया है, जिसमें भागवत के आचार्य जबलपुर करमेता निवासी विजय गौतम की सुपुत्री सुश्री अनुष्का गौतम के मुखारबिंद से भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। 27 फरवरी को व्यास पीठ से अनुष्का गौतम ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। आज 28 फरवरी को हवन, पूर्णाहुति के पश्चात प्रसाद (भंडारा) वितरण किया जाएगा।

## 108 सुन्दरकाण्ड पाठ सम्पूर्ण होने पर 1 मार्च को संगीतमय सुन्दरकांड पाठ आयोजित

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के संयोजन में श्री हनुमान जन्मोत्सव 2024 से हनुमत कृपा से अखिल विश्व के शुभ एवं मंगल कल्याण हेतु 108 सुन्दरकाण्ड की श्रृंखला आयोजित की गई थी, जिसमें 108 अधिवक्ता यजमानगणों के द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ का अभिनव आयोजन सफलतापूर्वक किया गया था, आयोजन के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये बताया कि 108 सुन्दरकाण्ड पाठ सम्पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 01 मार्च 2025 को शाम 06:00 बजे अश्विन कुमार पाठक, राजपारडी, भरूच, गुजरात के मुखारबिंद से संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन मानस भवन जबलपुर में किया जा रहा है। पूज्य अश्विन कुमार पाठक, दुनिया के सभी महाद्वीपों के विभिन्न देशों में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन कर चुके हैं एवं विगत 25 वर्षों से देश-विदेश में दैनिक रूप से सुन्दरकाण्ड पाठ कर रहे हैं एवं विभिन्न धार्मिक चैनलों पर इनके द्वारा किये गये सुन्दरकाण्ड पाठ का वर्षों तक नियमित रूप से प्रसारण होता रहा है। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सहसचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, आदि उपस्थित रहे।

## दारुल उलूम में अध्ययनरत 5 छात्रों को मौलवी, 2 छात्रों को हाफिज की सनद (डिग्री ) प्रदान की

# दारुल उलूम गौसिया रज़वीय कासमीया का दीक्षांत समारोह सम्पन्न



**जबलपुर।** पुराना पुल साऊथ मिलौनीगंज गोहालपुर स्थित दारुल उलूम गौसिया रज़वीया कासमीया में अध्ययनरत छात्रों का दीक्षांत समारोह 24 फ़रवरी दिन सोमवार को हज़रत अल्लामा मुफ़्ती इम्तियाजुल कादरी कासमी मुफ़्ती ए आज़म जबलपुर व क़ाज़ी ए शरआ जिला जबलपुर की अध्यक्षता में यूनानी दवाखान ग्राउंड साऊथ मिलौनीगंज गोहलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की सरपरस्ती देश में सुन्नियों के सब से बड़े केंद्र दरगाह आला हज़रत बरेली शरीफ उ.प्र. से मुख्य इस्लामिक विद्वान नवास-ए-मुफ्ती-ए-आजम हिंद व जानशीने खालिदे मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद अनस रजा खान साहब ने की। जिसमें दारुल उलूम गौसिया रज़वीय कासमिया में अध्ययन करने वाले छात्रों में मौलवी वा हाफिज का कोर्स पूर्ण करने वाले छात्रों को डिग्री (सनद) प्रदान की गई। मीडिया प्रभारी सुल्तानुज़्ज़मा क़ादरी कासमी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इस्लामिक विद्वान हज़रत अल्लामा मुफ़्ती सगीर अहमद बरकाती प्रिंसपल दारुल उलूम मज़हरे इस्लाम बरेली शरीफ (उ.प्र.) व उस्तादुल उलमा हजरत मौलाना गुलाम अहमद रज़ा तहसीनी प्रिंसपल दारुल उलूम गौसिया रज़वीया कासमिया, मुफ़्ती मोहम्मद तौफीक़ आलम क़ासमी खतीबो इमाम सालार मस्जिद, मुफ़्ती अलताफ हुसैन क़ासमी खतीबो इमाम मक्का मस्जिद, मुफ़्ती हिफजुर्रहमान क़ासमी, मुफ़्ती शाहिदुल कादरी कसमी साहब, मुफ़्ती तबरेज़ आलम कासमी ने वज़ो तक़रीर (इस्लामिक प्रवचन ज्ञान) बयान फरमाया। वहीं हाफ़िज़ो क़ारी जाहिद हसन, हाफिजो क़ारी सलाहुद्दीन ने नातो मनक़बत पेश किये। इ



# ग्राम पंचायत परासिया में निकली भव्य शिव बारात

**जबलपुर।** चरगवां ग्राम पंचायत परासिया में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर अजय रागिनी पटेल (सरपंच) के निवास से भोलेनाथ भगवान शंकर की भव्य बारात निकाली गई। बारात का स्वागत ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास से किया। अंत में भगवान शंकर जी के मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर डेलन प्रसाद पटेल, गयाप्रसाद गैनाबाई पटेल, लेखराम गुड्डीबाई पटेल, केवल प्रसाद ताराबाई पटेल एवं अजय रागिनी पटेल (सरपंच), दिलीप अंजली पटेल ने बारात का स्वागत वंदन किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

**जबलपुर।**




श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय मढ़ाताल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मंगेली (ग्वारीघाट) में विशेष शिविर का आयोजन 24 फरवरी से 03 मार्च 2025 तक किया जा रहा है जिसमें ग्राम की छात्राओं द्वारा ग्रामवासियों के लिए स्वच्छता, नशा मुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जन जागृति का कार्य किया जा रहा है। स्वयं सेवी छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैली के माध्यम से ग्राम में जागरूकता फैलाई जा रही है, इस विशेष शिविर का समापन 03 मार्च 2025 को किया जाएगा। शिविर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर विमलकांत सैनी के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है शिविर के सफलतम आयोजन पर शुभकामनाएं महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष सरदार जीएस बांगा, सचिव सरदार जसप्रीत सिंह आहुजा, कोषाध्यक्ष सरदार रविंदर सिंह दुआ, सरदार परमजोत सिंह बांगा द्वारा दी गईं। शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विधि जैन एवं सहयोगी श्रीदेवी ताम्हणे द्वारा किया जा रहा है।

# विद्युत वितरण कंपनी से 2 अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 2 अधिकारी 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे है ।





**सुरेन्द्र कुमार चड़ार** - मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता (प्रवर्तन) रीवा सुरेन्द्र कुमार चड़ार दिनांक 28 फरवरी 2025 को 31 वर्ष 05 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त होंगे । वह कंपनी के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे है ।

**श्रीराम पाण्डेय** – मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता (संचा. / संधा.) कटनी में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ श्रीराम पाण्डेय दिनांक 28 फरवरी 2025 को 35 वर्ष 06 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त होंगे । वह कंपनी के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे है ।

कंपनी प्रबंधन ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## साइंस कॉलेज के छात्रावासी व भूतपूर्व छात्रावासी छात्रों का मिलन समारोह आज

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर के छात्रवासी छात्रों का मिलन समारोह एवं छात्रावास दिवस का आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रममंत्री, मध्यप्रदेश शासन प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शहपुरा विधायक एवं पूर्व छात्र ओमप्रकाश धुर्वे, पूर्व राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन जालम सिंह पटेल एवं केंट क्षेत्र, जबलपुर विधायक आशोक रोहाणी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट माइकल प्रदीप कपूर (जनभागादी महाविद्यालय, जबलपुर) अध्यक्ष, शा. एवं संरक्षक शासकीय महाविद्यालय, जबलपुर के प्राचार्य डॉ. ए.एल. महोबिया रहेंगे। विज्ञान छात्रावास दिवस समारोह के अवसर पर मंत्री श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों द्वारा 1975वें बैच के छात्रावासी छात्रों के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में छात्रावासी छात्र एवं भूतपूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजन आज

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 28 फरवरी से 01 मार्च तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन प्रो. अखिलेश पांडे (विजिटर नॉमनी, जामिया मिलिया इस्लामिया विवि दिल्ली) के मुख्य आतिथ्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम में सतत विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी तथा विकसित भारत के लिए भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान जैसे विषयों पर कई उत्कृष्ट वैज्ञानिकों के उद्बोधन एवं विद्यार्थियों के लिए निबंध, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी तथा वैज्ञानिक रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित हैं।

## श्रीमद् भागवत कथा की धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**बरगी।** ग्राम सगड़ा झपनी में 27 फरवरी से 6 मार्च तक सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है जिसमें व्यास मनीष कृष्ण तिवारी शास्त्री के मुखारविंद से अमृतमय कथा भक्तों को सुनाई जाना है। गुरुवार को भक्तों द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में मूलचंद गीताबाई साहू, नंदकिशोर उमाबाई पटेल उपस्थित रहे।






**श्री भोला शंकर अग्रवाल**- भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री भोला शंकर अग्रवाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटे लाल**- हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री छोटे लाल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई रैकवार**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री वृंदावन रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई रैकवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील ठाकुर**- लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री भूरा सिंह ठाकुर के पुत्र श्री सुनील ठाकुर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक कोरी**- भानतलैया निवासी श्री दीपक कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुल्ली बाई मोधक**- गली नं. 10, सदर निवासी श्री नत्थू लाल मोधक की धर्मपत्नी श्रीमती मुल्ली बाई मोधक (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि अहिरवार**- राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गौरी लाल अहिरवार के पुत्र श्री रवि अहिरवार (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गुलाब प्रसाद विश्वकर्मा**- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री गुलाब प्रसाद विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप कुमार जायसवाल**- राम सिंह का बाड़ा बेलबाग निवासी श्री प्रदीप कुमार जायसवाल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संतोषी बाई**- संजय नगर अधारताल निवासी श्री शंकर लाल कहार की धर्मपत्नी श्रीमती संतोषी बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कपूरिया बाई**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री गंम्भीर प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती कपूरिया बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामरति चौधरी**- छापर रामपुर निवासी श्री शंभू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति चौधरी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामपाल गुप्ता**- लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री रामपाल गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रुक्मणी कुंडे**- लालमाटी चौधरी मोहल्ला निवासी श्री मुरारी लाल कुंडे की धर्मपत्नी श्रीमती श्रीमती रुक्मणी कुंडे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री एन्थोनी**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री एन्थोनी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेश शर्मा**- नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री राजेश शर्मा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय चतरे**- कांचघर रोड सर्वोदय स्कूल के पीछे निवासी श्री संजय चतरे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## पशुपतिनाथ मंदिर में भोलेनाथ का किया अद्भुत श्रृंगार



**जबलपुर।** भेड़ाघाट स्थित गोपालपुर में प्रसिद्ध प्राचीन भोलेनाथ शंकर जी के पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर पंडित राजेश तिवारी द्वारा भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार किया गया, मंदिर में सुबह से शाम तक दूर-दूर से भक्तों का आना लगा रहा। लोगों ने पूजन अर्चन किया, वहीं बाबा का अभिषेक भी भक्तजनों द्वारा किया गया।

जबलपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025
haribhoomi.com



महाकुंभ में आने वाले विदेशियों ने की सराहना
विदेशी मीडिया ने बताया दुनिया का सबसे बड़ा पर्व

# आध्यात्मिक शांति, आस्था और परंपरा के 'महाकुंभ' का सात समंदर पार हो रहा गुणगान

**न्यूयॉर्क टाइम्स (14 जनवरी 2025)**

ये अमेरिका का प्रमुख अखबार है. इसमें कहा गया कि महाकुंभ मेला नाम का धार्मिक उत्सव हर 12 साल में प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी के तट पर आयोजित किया जाता है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल 40 साल से अधिक लोग मेले में शामिल होंगे। 40 करोड़ अमेरिका की कुल आबादी से कहीं अधिक है। हिंदू राष्ट्रवाद के उदय के साथ महाकुंभ मेला प्रमुख राजनीतिक आयोजन बन गया है। पीएम मोदी की दक्षिणपंथी पार्टी का इसे समर्थन मिला है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

धर्म,संस्कृति और परंपराओं से भारत की पावन भूमि बेहद समृद्ध है। इसे जानने और समझने के लिए सात समंदर पार से भी लोग खिंचे चले आते हैं। हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ मेले में सैकड़ों विदेशी महमानों ने संगम में डुबकी लगाई। अब स्थिति ये है कि मेले की व्यवस्था, परंपरा और आध्यात्मिक शांति को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा होना शुरु हो गए है। इस शोध और वर्कशॉप जैसे आयोजन भी शुरु हुए हैं। न्यूयार्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने एक विशेष चर्चा का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था, 'इनसाइट्स फ्रॉम द वल्ड्र्स लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग- महाकुंभ।' आयोजन में प्रोफेसर तरुण खन्ना, प्रोफेसर डायना ईक और सहायक प्रोफेसर टियोना जुजुल शामिल थीं।

**न्यूयॉर्क में जानकारों ने महाकुंभ को सराहा**

**अपने देश में दिखा रहे वीडियो : डेनियल**



ब्राजील से आईं डेनियल ने उत्साह से कहा कि यह एक अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव है। हम बहुत दूर से आए हैं और इसे अपने लोगों और देश को दिखाने के लिए उत्साहित हैं। पूरा कुंभ मेला कमाल का है। लोग बहुत दोस्ताना और स्वागत करने वाले हैं।

**द वॉल स्ट्रीट जर्नल (23 फरवरी 2025)**

अमेरिकी अखबार ने कहा कि महाकुंभ मेले में अमेरिका की पूरी आबादी से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे। पिछले छह सप्ताह में आधा अरब से अधिक लोग आए। श्रद्धालुओं का मानना है कि महाकुंभ में डुबकी लगाने से पाप मिट जाते हैं। लोगों को मोक्ष मिल जाता है। अमेरिकी अखबार ने कहा कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार, देवताओं और राक्षसों के बीच अमृत के लिए लड़ाई हुई तो इस दौरान अमृत की चार बूंदे धरती के चार अलग-अलग जगहों पर गिरी।

**दयालुता हमारा सबसे बड़ा सबक: एना**

*मैक्सिको और अमेरिका से आए एक समूह ने भी त्रिवेणी संगम में स्नान किया। समूह की एक सदस्य एना ने कहा कि मैं अपने समुदाय के एक समूह के साथ यहां आई हूं। हमारे ग्रुप में मैक्सिको, कोलंबिया और इटली के लोग शामिल हैं। इतनी भक्ति को देखकर 'वाह' जैसा अहसास हो रहा है। हमने यहां लोगों की दयालुता देखी। हर कोई बहुत स्वागत करने वाला है।*

**फ्रांस 24 (26 फरवरी 2025)**

भगदड़ की दो घटनाओं के बाद भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का पीएम मोदी की हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी ने एक जीत के तौर पर स्वागत किया। हिंदू संरक्षक के तौर पर गढ़ी गई पीएम मोदी की छवि को इससे और बल मिला है। पीएम मोदी और उनके सहयोगी योगी आदित्यनाथ का कहना है कि हजारों वर्ष पुराना ये मेला अब तक का सबसे भव्य मेला है।

**सीएनएन (25 फरवरी)**

अमेरिका के सबसे बड़े टीवी चैनल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुधवार को दुनिया के सबसे बड़े समागम के समापन पर करोड़ों लोगों ने पवित्र नदी में स्नान किया। पिछले 45 दिन में करीब 67 करोड़ लोग कुंभ के उत्सव में शामिल हुए। रंगों और आस्था के त्योहार का ये नजारा बहुत खास है। महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक लोग गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में स्नान करने आए।

**डॉन न्यूज (13 जनवरी 2025)**

*कुंभ मेला उत्सव शुरू होने के साथ विशाल जनसमूह ने सोमवार को पवित्र जल में स्नान किया। आयोजनों को अनुमान है कि कार्यक्रम में 400 मिलियन लोगों के आने की उम्मीद है। ये मानवता का सबसे बड़ा आयोजन है। हजारों साल पुराना महाकुंभ धार्मिक श्रद्धा और अनुष्ठानिक स्नान का प्रदर्शन है। हालांकि, इसमें बहुत बड़ी चुनौती है।*

**द डेली गजट (26 फरवरी 2025)**

*अमेरिका अखबार ने कहा कि पीएम मोदी और उनके सहयोगी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ दोनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। पीएम मोदी ने उस स्थान पर स्नान किया, जहां गंगा और यमुना का जल आकर मिलता है। बुधवार को शिवरात्रि के त्योहार के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।*

**नेशनल जियोग्राफिक (19 फरवरी 2025)**

भारत में गंगा नदी चमकीले रंग से सराबोर क्योंकि लाखों हिंदू तीर्थयात्री इसमें डुबकी लगा रहे हैं और भक्ति की निशानी के रूप में गेंदे के पुष्प अर्पित कर रहे हैं। शाम के वक्त महाकुंभ में मंत्रमुग्ध करने वाला संगीत बजता है। दिन में वहां मंत्रोच्चार होता है। महाकुंभ में इस वर्ष 40 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है।



**हफ पोस्ट (चार फरवरी 2025)**

*ये एक अमेरिकी वेबसाइट है। कुंभ मेला भारत के चार पवित्र शहर प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में आयोजित होने वाला तीर्थ मेला है। हर स्थान का आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व है। महाकुंभ चार जगहों पर हर 12 साल में मनाया जाता है।*

---

## खबर संक्षेप

### हैकमैन और पत्नी की संदिग्ध मौत, घर में मृत मिले



**मैक्सिको।** हॉलीवुड जगत से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी, न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। 95 वर्षीय एक्टर जीन हैकमैन और उनकी पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है।

### सतारा की नीलम यूएस में हादसे की शिकार, गंभीर



**कैलिफोर्निया।** महाराष्ट्र के सतारा जिले की रहने वाली 35 वर्षीय नीलम शिंदे 14 फरवरी को अमेरिका में एक सड़क हादसे का शिकार हो गई। कैलिफोर्निया में एक कार ने नीलम को टक्कर मार दी, जिसके बाद वह कोमा में चली गई। फिलहाल वह आईसीयू में भर्ती है। इस हादसे के आरोपी वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

---

पाकिस्तान को भारत से सीखने चाहिए लोकतांत्रिक मूल्य

# भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा, कहा- फेल देश, दुनिया के दान पर टिका, उपदेश न दे

**यूएन में भारत ने पाकिस्तान के झूठ को किया बेनकाब** | **कहा- पाकिस्तान की शासन व्यवस्था अक्षमता से भरी**

एजेंसी ▶▶ जिनेवा



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक फेल देश है। वह अंतरराष्ट्रीय दान पर टिका है। भारत ने कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान लगातार झूठ फैला रहा है। यह फेल देश ओआईसी का समय भी बर्बाद कर रहा है। मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाले पाकिस्तान को उपदेश देने की जरूरत नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के क्षितिज त्यागी ने कहा, यह देखना दुखद है कि पाकिस्तान के नेता और प्रतिनिधि अपने सैन्य आतंकवादी समूह के झूठ को लगातार फैलाने में जुटे हैं। पाकिस्तान ओआईसी को अपने मुखपत्र के रूप में इस्तेमाल करके उसका मजाक उड़ा रहा है। त्यागी ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ओआईसी का समय एक फेल देश बर्बाद कर रहा है। यह देश अंतरराष्ट्रीय सहायता पर जीवित है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की बयानबाजी पाखंड, अमानवीयता और अक्षमता से भरी हुई है। भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। इन मूल्यों से पाकिस्तान को सीखना चाहिए।

**जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत के अंग रहेंगे**

*क्षितिज त्यागी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग बने रहेंगे। पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति अपने आप में बहुत कुछ कहती है। ये सफलताएं दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित इस क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर लोगों के भरोसे का प्रमाण हैं।*

**भारत को सराहा**

**पाकिस्तान की हो रही निंदा**

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने जवाबी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यह बयान पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए निराधार झूठ का जवाब है। साथ ही भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने भी 19 फरवरी को कहा था कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए गलत सूचना अभियानों की कड़ी निंदा की।

**उत्तर देने के अधिकार का इस्तेमाल**

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने उत्तर देने के अधिकार का इस्तेमाल किया और कहा कि यह टिप्पणी पाकिस्तान के झूठ फैलाने का जवाब है। इससे पहले 19 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा था कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा।

**हमे न समझाए पाकिस्तान**

पाकिस्तान में मानवाधिकारों का हनन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित उल्लंघन राज्य की नीतियों का हिस्सा है। पाकिस्तान जो बेशर्मी से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसे किसी को उपदेश नहीं देना चाहिए। भारत ने यूएन में कहा कि पाकिस्तान को भारत के खिलाफ अपनी सनक से उबरना चाहिए।

---

प्रोजेक्ट के बहाने 1 हजार करोड़ जुटाए

# डब्ल्यूटीसी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े 12 ठिकानों पर छापे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया। जांच एजेंसी ने डब्ल्यूटीसी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हुई है। बताया जा रहा है कि निवेशकों से धोखाधड़ी के मामले में ये एक्शन लिया गया है। बताया जा रहा है कि ईडी डब्ल्यूटीसी बिल्डर के दफ्तरों, इसके प्रमोटर आशीष भल्ला और भूटानी ग्रुप के 12 ठिकानों पर सर्च कर रही है।

ये ठिकाने दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में हैं। डब्ल्यूटीसी ग्रुप के फरीदाबाद, नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में कई प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। आरोप है कि ग्रुप ने निवेशकों से 1000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए हैं और पिछले 10-12 सालों में प्रोजेक्ट्स पूरे नहीं हुए।

**एफआईआर पर हुआ एक्शन**

इस मामले में डब्ल्यूटीसी बिल्डर, आशीष भल्ला, भूटानी ग्रुप के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस और ईओडब्ल्यू दिल्ली द्वारा कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसी मामले में अब ईडी ने ये एक्शन लिया है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी के गुरुग्राम कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दिल्ली, नोएडा (उत्तर प्रदेश) और फरीदाबाद व गुरुग्राम (हरियाणा) में करीब एक दर्जन परिसर पर छापेमारी की।

**देश में काफी बड़ा नाम है भूटानी ग्रुप का**

*देश की बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल भूटानी ग्रुप प्रोजेक्ट्स है। कंपनी अब तक 9 मिलियन स्क्वायर फीट से ज्यादा निर्माण कर चुकी है और इसके 74 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं।*

---

डीएनपीए को भेजे संदेश में बोले

# परिवर्तन के दौर में महत्वपूर्ण रूप से उभरा डिजिटल मीडिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन को डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 आयोजन के लिए बधाई दी। डीएनपीए कॉन्क्लेव 2025 का अयोजन 27 फरवरी को नई दिल्ली में किया गया। डीएनपीए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के भारत के शीर्ष 18 प्रकाशकों की डिजिटल इकाइयों का संगठन है। सम्मेलन के लिए अपने संदेश में सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डीएनपीए में अपने सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं।

**युवाओं ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह अपनाया**

*आपके प्रयास प्रशंसनीय हैं। यह एक शानदार सम्मेलन है। इसके माध्यम से आज के डिजिटल मीडिया परिदृश्य और आगे बढ़ती दुनिया में पारंपरिक से नए मीडिया में परिवर्तन पर बेहतरीन चर्चाएं होंगी। मैं निश्चित रूप से जानना चाहूंगा कि इन चर्चाओं से क्या सुझाव सामने आते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि आज मीडिया जगत एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पारंपरिक मीडिया के साथ-साथ डिजिटल मीडिया भी महत्वपूर्ण रूप से उभरा है। इसमें अखबार और टेलीविजन जैसे प्रमुख माध्यम शामिल हैं। कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। खासकर युवा पीढ़ी ने डिजिटल मीडिया को पूरी तरह से अपना लिया है।*

**मीडिया का स्वरूप नाटकीय रूप से बदला**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरा देश मीडिया को बड़ी जिम्मेदारी के साथ देखता है और उम्मीद है कि इस सम्मेलन से इसे बेहतर बनाने के बारे में बहुमूल्य सुझाव आएंगे। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मीडिया का स्वरूप नाटकीय रूप से बदला है। ऐसे में मीडिया क्षेत्र पहले से कहीं अधिक विकसित हो रहा है। इस बार डीएनपीए कॉन्क्लेव में 'एआई युग में मीडिया परिवर्तन' विषय के तहत समाचार प्रसार में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वास स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

---

### अनीता ने कहा पीएम की रेस में मैं नहीं



**टोरंटो।** जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद सभी की नजर कनाडा के अगले प्रधानमंत्री पर है। कनाडा की बागडोर अब कौन संभालेगा? इसका फैसला आगामी चुनाव में होगा। हालांकि चुनाव से पहले पीएम पद के लिए कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। वहीं भारतीय मूल की अनीता आनंद ने भी अपना मन बदल लिया है। दरअसल अनीता आनंद ने पहले जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने से साफ इनकार कर दिया था।

---

ट्रंप ने बताया पूरा प्लान

# अमेरिका के नए नागरिकता कानून में भारत को मिलेगी विशेष छूट

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन




अमेरिका में नए नागरिकता कानून को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल मची हुई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रवासियों के लिए जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता समाप्त करने का निर्णय लिया है। हालांकि, भारतीय नागरिकों के लिए एक विशेष छूट प्रदान की गई है। ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रस्तावित 'गोल्ड कार्ड' योजना के तहत अमेरिकी कंपनियों को हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से भारतीय स्नातकों को नियुक्त करने की सुविधा मिलेगी।

**इन लोगों को होगा फायदा**

*ट्रंप ने कहा कि भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका में रहने और काम करने में बाधा बन रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत, चीन, जापान और अन्य देशों से आने वाले छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे हार्वर्ड या व्हार्टन स्कूल ऑफ फाइनेंस से शिक्षा प्राप्त करते हैं, लेकिन उनके पास अमेरिका में रहने की कोई निश्चित गारंटी नहीं होती।*

---

# हिमाचल के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी



**अगले 48 घंटों तक रहेगी जारी**

*भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में और अधिक बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने कहा कि अगले 48 घंटों तक ऊपरी इलाकों में बर्फबारी जारी रहेगी, साथ ही राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश भी होगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी दर्ज की गई है और अन्य क्षेत्रों में बारिश देखी गई है।*

---

## भारत 25 वर्षों में 3 ट्रिलियन डॉलर से 13 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा

केंद्र सरकार को 10 साल और ऐसे ही प्रयास करने होंगे

# भारत का ग्रोथ मॉडल अन्य देशों में बन सकता है विकास का टेंपलेट : सीईए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकतांत्रिक और संघीय शासन संरचना में रहते हुए भारत की विकास यात्रा अन्य देशों के लिए एक मॉडल है। यह बयान भारत के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए), डॉ. वी.अनंत नागेश्वरन ने दिया।

दक्षिण अफ्रीकन और भारतीय बिजनेस लीडर्स के सेमिनार में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है जो लोकतांत्रिक राजनीति और संघीय शासन संरचना के रहते हुए खुद को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की कोशिश कर रहा है। इस कारण भारत का अनुभव दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों के लिए बहुत



उपयोगी टेम्पलेट होंगे। नागेश्वरन ने विकसित भारत विजन के बारे में भी चर्चा की और कहा कि भारत अगले 25 वर्षों में 3 ट्रिलियन डॉलर से 13 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

देश अपने इस लक्ष्य के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिरेगुलेशन और शिक्षा में निवेश के जरिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारे पास अर्थव्यवस्था के लिए लक्ष्य होते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि ये परिणाम हमारे नियंत्रण से परे विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए हम जो प्रयास कर सकते हैं, केवल वही हमारे नियंत्रण में है। नागेश्वरन के मुताबिक, परिणाम वैश्विक कारकों के अधीन होंगे, लेकिन भारत सरकार ने पिछले दस वर्षों में जो करने की कोशिश कर रही है। उसे अगले दस वर्षों में भी करना जारी रखेगी। हम उन बिल्डिंग ब्लॉक्स को स्थापित कर रहे हैं जो हमें विकसित भारत तक ले जाएंगे।

**हमें खुले विचारों वाला बनने की जरूरत**

डॉ. नागेश्वरन ने नए वैश्विक परिवेश में देशों के बीच साझेदारी के लिए बदले हुए दृष्टिकोण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी भी समय देशों को एक-दूसरे पर इतना निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ी, जितनी अब है। हमें खुले विचारों वाला बनने की जरूरत है। साथ ही हम साझेदारी बनाने में विकल्प नहीं चुन सकते बल्कि अवसरवादी बन सकते हैं क्योंकि दुनिया अब मंथन के दौर में है। वहीं भारत के उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने कहा कि भारत वर्तमान में चीन और अमेरिका के बाद दक्षिण अफ्रीका का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, लेकिन दूसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि जर्मनी और भारत उस स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चीन का आकार बहुत बड़ा है, लेकिन निकट भविष्य में हम शायद निर्यात और आयात दोनों में नंबर दो बन सकते हैं।



# 'कायदे में रहो तो फायदे में रहोगे' सिकंदर का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म 'सिकंदर' का दर्शक सांसे थामकर इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार को फैंस को एक तोहफा जरूर मिल गया है। 'सिकंदर' का टीजर जारी हो चुका है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'जो दिलों पर करता है राज, वो आज कहलता है सिकंदर'। टीजर की शुरुआत में सलमान खान की आवाज आती है, 'दादी ने नाम सिकंदर रखा था। दादा ने संजय और प्रजा ने राजा साहब'। इसके बाद दूसरी आवाज आती है, 'अपने आप को बहुत बड़ा सिकंदर समझता है। इंसाफ दिलाएगा तू'? सलमान कहते हैं, ' इंसाफ नहीं, हिसाब करने आया हूं। कायदे में रहो, फायदे में रहोगे'।

## लाइफ Style

# भूमि
## अपने आपको किसी सांचे में नहीं रखना चाहती

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'दम लगा के हईशा' को रिलीज हुए 10 साल हो गए। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को भी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल हो गए। वह अपने इस सफर को लेकर कृतज्ञता से भरी हैं। हाल ही में उन्होंने कहा 'मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं अभी भी वह कर पा रही हूं, जिससे मैं बहुत प्यार करती हूं।'

भूमि पेडनेकर ने कहा कि 'मुझे अभी भी याद है जब दम लगा के हईशा का प्रीमियर आया था। मुझे नहीं पता था कि क्या होगा, लेकिन बहुत खुश थी। क्योंकि, मेरे ऊपर दबाव नहीं था कि फिल्म हिट होगी या फिर फ्लॉप। मेरी पहली फिल्म रिलीज हो रही थी और शायद ये मेरी सबसे बड़ी कामयाबी थी। जब मुझे कभी शक होता है, तो मैं उसी ऊर्जा का इस्तेमाल करती हूं।' भूमि का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उन्होंने अपना कॅरियर अपरंपरागत रोल से शुरू किया। उनके मुताबिक तब से वह ऐसे विकल्प चुनती आ रही हैं, क्योंकि वह खुद को सीमित नहीं रखना चाहतीं। उन्होंने कहा 'मैं अपने आपको किसी भी सांचे में नहीं रखना चाहती, न मैं वैसा करना चाहती हूं, जो मेरे किसी साथी ने किया है। मैं वह काम करना चाहती हूं जिससे मैं जुड़ती हूं। कुछ मेरे लिए आसान होते हैं, तो कुछ मुश्किल, लेकिन ये सभी मेरी पसंद हैं और मैं इस पर फख्र महसूस करती हूं।' भूमि पेडनेकर ने 'दम लगा के हईशा' फिल्म से अपने कॅरिअर की शुरुआत की। इसके बाद वह 'टॉयलेट; एक प्रेम कथा' में नजर आईं। उनकी दूसरी बेहतरीन फिल्मों में 'सांड की आंख', 'बाला', 'बधाई दो' और रक्षा बंधन है।



## हॉलीवुड मसाला



# 'गॉसिप गर्ल' में निभाई भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** मिशेल ट्रैचेनबर्ग एक अमेरिकी अभिनेत्री थी, जिनके निधन की खबर मिलते ही अमेरिकन सिने इंडस्ट्री में हलचल मच गई। 'गॉसिप गर्ल' जैसे तमाम सीरीज से चर्चित इस एक्ट्रेस का 39 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एक्ट्रेस मिशेल ट्रैचेनबर्ग का जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था। इन्होंने 1991 में न्यूयॉर्क में ही उन्हें 'लॉ एंड ऑर्डर' सीरीज के एक एपिसोड से अभिनय कॅरियर की शुरुआत थी। फिर मिशेल ने 1996 में 'हैरियर द स्पाई' फिल्म में पहली बार मुख्य भूमिका में नजर आई थी।



# एंड्रयू और ट्रिस्टन के ऊपर से हटा बैन...

**लॉस एंजिल्स।** इंफ्लुएंसर भाई एंड्रयू टेट और ट्रिस्टन टेट ने रोमानिया छोड़कर अमेरिका का रुख किया है। अधिकारियों के मुताबिक उनके ऊपर से यात्रा प्रतिबंध हटा लिया गया है। इन भाइयों पर मानव तस्करी और महिलाओं का यौन शोषण करने के लिए आपराधिक गिरोह बनाने का इल्जाम है। भाइयों का जाना तब हुआ जब रोमानिया के विदेश मंत्री एमिल हुरेज़नु ने इस महीने कहा कि मौजूदा ट्रम्प प्रशासन के तहत एक अमेरिकी अधिकारी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में रोमानिया में भाइयों के कानूनी मामले में रुचि जाहिर की थी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह दबाव के जैसा नहीं था। एंड्रयू टेट पर पीड़ितों में से एक के साथ दुष्कर्म करने का भी इल्जाम लगा था, जबकि उनके भाई ट्रिस्टन पर दूसरों को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगा था।



# भारत में स्विमिंग से डरती हूं...

**मुंबई।** हाल ही में दिग्गज अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने जीवन से जुड़ी कुछ घटनाओं को साझा किया है। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह एक ट्रेंड स्वीमर हैं, जिन्हें विदेशों में तैराकी के रोमांच का अनुभव करते अक्सर देखा जाता है। लेकिन, भारत में स्विमिंग ना करने को लेकर एक्ट्रेस ने एक खुलासा किया है। सोनाक्षी ने कहा कि बड़े होने पर उन्हें हमेशा स्विमसूट पहनने में असहज महसूस हुआ। इसीलिए वह कहती हैं कि हमने मुंबई या भारत देश में स्विमिंग नहीं की। पता नहीं कब कौन चुपके से तस्वीर लेकर शेयर कर देगा और इस तरह वह इंटरनेट पर जा छा जाएगी। उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें उनके वजन को लेकर अभिनय के लिए मना कर दिया था। वह कहती हैं कि इस बात का उन्हें बहुत बुरा लगा था, फिर घर जाते ही वह अपने मासी से लिपटकर रोने लगी थी।



# सम्मान में बदल दिया गांव का नाम...

**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता इरफान खान अपने सिनेमा के जरिए आज भी लोगों की यादों में हैं। फैंस को उनकी कमी खलती है। अभिनय के साथ-साथ वे अपनी नेकी के लिए भी मशहूर रहे। महाराष्ट्र के एक गांव ने अभिनेता को अनोखे अंदाज में श्रद्धांजलि दी है। इस गांव के लोगों ने इरफान के याद में अपने गांव का नामकरण ही कर लिया है। इरफान खान ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के इस गांव के लोगों की खूब मदद की। अभिनेता के इस योगदान के सम्मान का गांव वालों ने अनोखा तरीका चुना। दरअसल, इगतपुरी तहसील में ऐतिहासिक त्रिलंगवाड़ी किले के पास एक मोहल्ले को पहले पटरियाचा वाडा के नाम से जाना जाता था। इसका नाम बदलकर दिवंगत अभिनेता के सम्मान में 'हीरो ची वाडी' कर दिया गया है। इसका मतलब है 'हीरो का पड़ोस'।

## टीवी मसाला




# तेजस्वी प्रकाश बन गईं 'पू' उषा नाडकर्णी पर गिरेगी गाज!

**नई दिल्ली।** सोनी टीवी पर टेलिकास्ट होने वाला कुकिंग शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इसमें मिलने वाले चैलेंज के अलावा कंटेस्टेंट्स की आपस में लड़ाई, फराह खान के बयान और दीपिका कक्कड़ का शो छोड़ना... इन सबको लेकर खूब चर्चा हुई है। लेटेस्ट रिपोर्ट ये है कि आयशा जुल्का के बाद अब एक और एविक्शन होने वाला है। इसके अलावा तेजस्वी प्रकाश का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो 'कभी खुशी कभी गम' की पू यानी करीना कपूर की तरह स्टाइल और डायलॉग मारती दिख रही हैं। पहले आपको तेजस्वी प्रकाश का फनी वीडियो दिखाते हैं। इसमें वो वैनिटी वैन में हैं और मेकअप करवा रही हैं। तभी क्रू मेंबर उन्हें आने के लिए कहता है तो वो पू के स्टाइल में बोलती हैं, 'ये कौन है सुबह-सुबह जो पू को डिस्टर्ब कर रहा है, जल्दी कहो मेरे पास टाइम नहीं है।' इसके बाद तेजस्वी उसी अंदाज में और भी कई डायलॉग्स बोलती हैं। उन्होंने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'प्लीज डोंट डिस्टर्ब ओके।' इस शो से जो बड़ी खबर सामने आ रही है, वो ये है कि आयशा जुल्का के बाद एक और एविक्शन होने वाला है। बताया जा रहा है कि दिग्गज एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी को बाहर कर दिया गया है।

# 'एक बदनाम आश्रम सीजन 3' का दूसरा पार्ट रिलीज

**नई दिल्ली।** जिस घड़ी का फैंस को इंतजार था, आखिर वो आ ही गई। बॉबी देओल की फेमस वेब सीरीज 'आश्रम' के तीसरे सीजन का पार्ट 2 रिलीज हो गया है। 27 फरवरी को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर 5 एपिसोड स्ट्रीम कर दिए गए हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया पर भी प्रकाश झा के वेब शो की चर्चा होने लगी है। एक फैन ने ट्वीट किया, 'बाबा निराला की सदा ही जय हो। आश्रम 3 पार्ट 2 सुपर्ब है। एक भी सिंगल डल मोमेंट नहीं है। बॉबी देओल ने लाइमलाइट चुरा ली है। उम्मीद है कि चौथा सीजन भी होगा।' 'आश्रम' वेब सीरीज का पहला और दूसरा सीजन दोनों ही साल 2020 में रिलीज किए गए थे। इसके बाद दूसरा सीजन साल 2022 में आया। तबसे ही फैंस अगले पार्ट के लिए बेकरार थे। कहा जा रहा है कि इस सीजन में वो हुआ है, जो पिछले तीन सीजन में नहीं हुआ।




# अनिल कपूर निर्मित माहिर की डॉक्यूमेंट्री 'बज़' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** सुपरस्टार अनिल कपूर द्वारा निर्मित, 'बज़' मुंबई की गलियों से उभरे प्रसिद्ध टैटू कलाकार एरिक डिसूज़ा की असाधारण यात्रा को दर्शाती है युवा फ़िल्म निर्माता माहिर खान की डॉक्यूमेंट्री 'बज़' का बेहद मार्मिक ट्रेलर रिलीज़ हो गया है और इसमें भारत के सबसे मशहूर टैटू कलाकारों में से एक एरिक डिसूज़ा की यात्रा की झलक दिखाई गई है। अनिल कपूर फ़िल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क द्वारा निर्मित इस डॉक्यूमेंट्री में एरिक द्वारा मुंबई की गलियों से उभर कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाने तक के असाधारण सफ़र को दिखाया गया है। 'बज़' 28 फ़रवरी को जियो हाटस्टार पर रिलीज़ होगी। इस डॉक्यूमेंट्री को माहिर ने एक बेहद गहरे और व्यक्तिगत नज़रिए से फ़िल्माया है, जो कला, व्यक्तिगत पहचान और अदम्यता के बीच पनपते जीवन का वर्णन करता है। 'एरिक की कला सतही नहीं है। इसमें अर्थ की कई परतें हैं और हर बार जब वह अपने शिल्प का अभ्यास करते हैं , तो वह वो कुछ ऐसा कहते हैं जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सार्वभौमिक भी होता है।' माहिर कहते हैं, जिन्हें कहानी कहने का जुनून अपने पिता और थिएटर लेखक फ़िरोज़ अब्बास खान से विरासत में मिला है। एरिक कहते हैं, 'मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं माहिर और उनके दल लिए उनकी डॉक्यूमेंट्री का विषय मात्र हूं। वे ऐसे सह-यात्री थे, जिनके दिल में मेरी कहानी के प्रति गहरा सम्मान था। उन्होंने बहुत संवेदनशीलता दिखाते हुए मेरी निजी चुनौतियों और सफलता को पाने तक कि मेरी यात्रा को समझा और फिल्म में उतारा। यह डॉक्यूमेंट्री सिर्फ़ मेरी यात्रा के बारे में नहीं है, बल्कि यह कला की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में भी है। ये बताती है की कैसे कला हमें नया जीवन दे सकती है और हमें दर्द, आघात और सामाजिक बाधाओं से परे जाने में भी मदद कर सकती है।



# वो बॉलीवुड एक्ट्रेस, जो थीं राज कपूर की बहन और पहली कलर फिल्म की हीरोइन, मगर नहीं बनीं कभी मां

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस, जिसने कभी एक्ट्रेस बनने का ख्वाब नहीं देखा। लेकिन, किस्मत ऐसी पलटी की सीधे राज कपूर ने फिल्म में ले लिया और हीरोइन बना दिया। कई दशक इंडस्ट्री में राज किया और पहली टेक्नीकलर फिल्म की हीरोइन बन गईं। बरसात, आन उड़न खटोला, बसंत बहार मेरे महबूब और लव एंड गॉड जैसी फिल्मों से 1949 से 1965 तक इंडस्ट्री पर राज करने वाली एक्ट्रेस निम्मी, हमारे बीच नहीं हैं। 2020 में उनका मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 साल की थीं।



### असली नाम था नवाब बानो

निम्मी का असली नाम नवाब बानो था। इस नाम को रखने के पीछे भी एक दिलचस्प किस्सा है। खुद एक्ट्रेस ने बताया था कि उनके नाना जमींदार थे, वह ब्रिटिश सरकार से नवाब का खिताब चाहते थे, लेकिन नहीं मिला। सरकार हर बार टाल देती थी। जब निम्मी पैदा हुईं तो नानी ने नाना से कहा कि बधाई हो! बच्चा हुआ है। तो नाना ने कहा फौरन उसका नाम नवाब रख दो। नानी ने कहा कि लड़का नहीं, लड़की हुई है तो भी नाना ने कहा कि जो भी हो, लड़का हो या लड़की। उसका नवाब नाम रखो। ऐसे एक्ट्रेस का नाम नवाब बानो रखा गया।

### राज कपूर को बांधती थीं राखी

*'फिल्मफेयर' को निम्मी ने बताया था, 'शुरू में, मैं राजजी से डरती थी। मुझे सहज महसूस कराने के लिए, एक दिन उन्होंने एक कलावा लिया और कहा, क्या तुम राखी का मतलब समझती हो? इस धागे को मेरे हाथ पर बांध दो। तब से मैं हर साल राजजी को राखी बांधती हूं।'*

### बहन के बेटे को पाला

*निम्मी ने एस अली रजा से शादी की थी। इनके कोई बच्चे नहीं थे। इनके पति लेखक थे, जिनका 2007 में निधन हो गया था। हालांकि, इन्होंने अपनी बहन के बेटे को पाला था। वह उनकी मां थीं। 'मेरी छोटी बहन कम उम्र में ही गुजर गई। उसकी आखिरी इच्छा थी कि मैं उसके बेटे का पालन-पोषण करूं। इसलिए मैं परवेज को पाकिस्तान से यहां ले आई।'*

### माता-पिता और उनका काम

*निम्मी का जन्म 18 फरवरी, 1933 को आगरा के पास हुआ था। उनकी माता का नाम वहीदन बानो था, जो खुद एक फेमस सिंगर थीं। इनके पिता का नाम अब्दुल हकीम था, जो बहुत बड़े कॉन्ट्रैक्टर थे। ब्रिटिश आर्मी का कॉन्ट्रेक्ट लेते थे। लेकिन मैनेजर ने कुछ गड़बड़ कर दी, जिससे कॉन्ट्रेक्ट उनके हाथ से चला गया। फिर ये कलकत्ता आए।*

## 30 के दशक में खूब था जलवा, बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरू किया था कॅरियर

# 6 बच्चों के पिता से एक्ट्रेस को हुआ था प्यार, बिन ब्याही मां बनी तो अपनाने से इंकार

*नई दिल्ली। यहां आपको एक ऐसी एक्ट्रेस की दुखभरी कहानी बताने जा रहे हैं, जिसने हिंदी सिनेमा को एक बड़ी सुपरस्टार दी। वह खुद भी बड़ी स्टार रही, लेकिन निजी जिंदगी में इतने जुल्म और ताने सहे कि जानकर कोई भी सिहर उठे। प्यार के हाथों मजबूर होकर इसने 6 बच्चों के बाप से शादी की थी, पर क्या पता था कि वही इसे अपनाने से इनकार कर देगा और सारे रिश्ते तोड़ लेगा। इस एक्ट्रेस की बेटी को भी पति ने नहीं अपनाया था और नाजायज करार दिया। और तो और इसके पति ने 78 साल की उम्र में तीसरी शादी कर ली थी। इस एक्ट्रेस का 30 के दशक में खूब जलवा था। इसने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करियर शुरू किया था और पहली ही फिल्म में छोटी सीता का किरदार निभाया था। लेकिन, साल 1947 में आई फिल्म 'मिस मालिनी' से हर तरफ छा गई थीं। इस एक्ट्रेस की दो शादियां हुईं, और दोनों ही टूट गईं। दूसरे पति ने तो इस एक्ट्रेस को पत्नी का दर्जा देने से ही इनकार कर दिया था और जिंदगी भर पाई-पाई को मोहताज रखा।*



### रंगचारी से की पहली शादी, नहीं चला रिश्ता

इनका नाम था पुष्पावल्ली, जो 30 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रहीं और 60 के दशक तक फिल्मों में खूब काम किया। पुष्पावल्ली, एक्ट्रेस रेखा की मां थीं। उन्होंने पहली शादी साल 1940 में आई. वी. रंगचारी से की थी, पर यह रिश्ता नहीं चला और दोनों ने साल 1946 में अलग रहना शुरू कर दिया। रंगचारी से शादी के बाद पुष्पावल्ली दो बच्चों की मां बनी थीं, पर ससुरालवालों को उनका फिल्मों में काम करना पसंद नही था। इसी वजह से पुष्पावल्ली और रंगचारी के बीच मतभेद पैदा गए और दोनों अलग रहने लगे।

### 6 बच्चों के पिता जेमिनी गणेशन से किया प्यार

इसी दौरान पुष्पावल्ली की मुलाकात एक्टर जेमिनी गणेशन से हुई। दोनों ने एक फिल्म में साथ काम किया था, जिसमें उनकी जोड़ी खूब पसंद की गई। इसी के बाद जेमिनी और पुष्पावल्ली एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। पुष्पावल्ली पहले से शादीशुदा और दो बच्चों की मां थीं, वहीं जेमिनी भी दो शादियां कर चुके थे और 6 बच्चों के पिता था।

### बेटियों को नाम देने से इनकार


पुष्पावल्ली ने फिर जैमिनी से शादी करने को कहा, पर उन्होंने इनकार कर दिया। और तो और बेटी रेखा को भी अपना नाम देने से इनकार कर दिया। अखबारों में जेमिनी गणेशन और पुष्पावल्ली के रिश्ते की खबरें आने के बाद रेखा को उनकी नाजायज बेटी कहा जाने लगा। पर इससे भी जेमिनी गणेशन पर फर्क नहीं पड़ा और रेखा ताउम्र पिता के प्यार को तरसती रहीं। वह अपने बाकी बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने जाते, तो रेखा को नजरअंदाज कर देते थे।

### पाई-पाई को हुईं मोहताज

पुष्पावल्ली ने बेटियों के लिए फिल्मों में काम करना जारी रखा। वह दोनों बच्चियों को सेट पर साथ ले जाती थीं। लेकिन, जल्द ही उनका फिल्मों में स्ट्रगल शुरू हो गया, और छोटे-मोटे रोल ही मिलते। स्थिति ऐसी आ गई कि पुष्पावल्ली पाई-पाई को मोहताज हो गईं। तब छोटी सी रेखा को मजबूरी में फिल्मों में आना पड़ा ताकि परिवार का गुजारा चल सके। खुद रेखा ने भी एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया था कि वह एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं, लेकिन मजबूरी उन्हें फिल्मों में ले आई।

### बिन ब्याही दो बेटियों की बनीं मां

पुष्पावल्ली ने जेमिनी गणेशन से प्यार तो किया, पर कभी उनकी पत्नी नहीं बन पाईं। जेमिनी ने पहले पति से तलाक नहीं लिया था, क्योंकि उस दौर में इसे मान्यता नहीं मिली थी। पर पति से अलग रहते हुए भी वह जेमिनी के साथ रिलेशनशिप में रहीं और बेटी रेखा को जन्म दिया। जेमिनी पहले से शादीशुदा थे, पर उन्होंने पुष्पावल्ली के लिए पत्नी को छोड़ने से इनकार कर दिया और पुष्पावल्ली संग रिश्ता रखा। इसी दौरान पुष्पावल्ली ने एक और बेटी को जन्म दिया।



**पुष्पावल्ली ने जैमिनी से तोड़ लिए सारे रिश्ते :** पुष्पावल्ली भी जेमिनी गणेशन के इस रवैये से टूट गई थीं। जेमिनी ने तो उन्हें पत्नी का दर्जा दिया और ना ही सुख। जैमिनी ने फिर गुपचुप तीसरी शादी कर ली, और उस वक्त उनकी उम्र 78 साल थी। इसके बाद तो पुष्पावल्ली बुरी तरह टूट गईं। उन्होंने जैमिनी के साथ अपने सारे रिश्ते-नाते तोड़ दिया। पेट पालने और दोनों बेटियों की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर आ गई।